प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

समस्त प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त निजी क्षेत्र,
की संस्थाएं।

पत्रांकः–प्राशिप/परिषद/2025/12194 **लखनऊःदिनांक–11.03.2025**

<u>विषयः– संस्थाओं में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं का APAAR ID बनवाने विषयक।</u>

महोदय,

उपरोक्त विषयक निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर के पत्र संख्या 80989–81138/ई–109–छैः (BTE-APAAR ID) दिनांक 06–03–2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें (संलग्न)। उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि भारत सरकार द्वारा शिक्षा प्रणाली को डिजिटल एवं पारदर्शी बनाने के लिए APAAR (Automated Permanent Academic Account Registry) ID की व्यवस्था लागू की गयी है। यह ID प्रत्येक छात्र के लिए स्थायी (Permanent) शैक्षणिक पहचान होगी जिससे सभी शैक्षणिक दस्तावेज, प्रमाण पत्र एवं सरकारी योजनाओं का लाभ एकीकृत किया जायेगा।

<u>APAAR ID के लाभ</u>

1. डिजिटल शैक्षणिक पहचान–प्रत्येक छात्र का एक यूनिक (Unique) स्थायी शैक्षणिक ID प्राप्त होगी। इस ID के माध्यम से छात्र का पूरा शैक्षणिक रिकार्ड डिजिटल रूप में संरक्षित रहेगा।
2. सभी शैक्षणिक प्रमाण–पत्र एक ही प्लेटफार्म पर उपलब्ध मार्कशीट, डिग्री, प्रमाणपत्र आदि DigiLocker में स्वतः संग्रहित होंगे। किसी भी समय कहीं से भी इन दस्तावेजों को एक्सेस एवं डाउनलोड किया जा सकेगा।
3. छात्रवृत्ति एवं सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ APAAR ID National Scholorship Portal (NSP) से जुड़कर छात्रवृत्तियों के आवेदन को सरल बनायेगी एवं अन्य शिक्षा एवं कैरियर संबंधित सरकारी योजनाओं का लाभ भी सीधे उपलब्ध होगा।
4. भविष्य में प्रवेश (Admission) और रोजगार में सहूलियत, कॉलेज प्रवेश, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं नौकरियों में आवेदन के दौरान प्रमाणपत्रों का डिजिटल सत्यापन (Verification) संभव होगा। नौकरी प्रदाता (Employers) सीधे APAAR ID से प्रमाण पत्र सत्यापित कर सकेंगे।
5. डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा– 'नई शिक्षा नीति (NEP 2020) के तहत क्रेडिट ट्रांसफर, मल्टी एण्ट्री/एग्जिट जैसी सुविधाओं के लिए उपयोगी। भविष्य में AI एवं डिजिटल लर्निंग सिस्टम' से जोड़ने में सहायक।
6. भ्रष्टाचार एवं फर्जी प्रमाणपत्रों पर रोक– APAAR ID के माध्यम से 'डुप्लीकेट एवं फर्जी प्रमाणपत्रों की संभावना समाप्त होगी। सत्यापन प्रकिया सरल और पारदर्शी होगी।
7. आजीवन (Life & long) उपयोग– यह ID शिक्षा समाप्त होने के बाद भी मान्य रहेगी' और आगे के किसी भी कोर्स या करियर में उपयोगी होगी।

<u>APAAR ID से संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश एवं बनाने की प्रकिया</u>

1. प्रत्येक छात्र के लिए APAAR ID बनाना अनिवार्य है।
2. छात्र Digi Locker वेबसाइट [https:@@www-digilocker-gov-in] (https:@@www-digilocker-gov-in) के माध्यम से 'स्वयं रजिस्ट्रेशन करें।
3. आधार कार्ड से सत्यापन करें' एवं संस्था का नाम, कोर्स विवरण आदि भरें।

4. APAAR ID जनरेट करें संस्थान को इसकी जानकारी दें।
5. संस्थान यह सुनिश्चित करें कि सभी छात्र अपनी ID समय पर बना लें।
6. किसी भी समस्या के लिए संस्थान के आईटी प्रभारी या Digi Locker हेल्पलाइन से सहायता लें।

उक्त के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कि अपने–अपने संस्थान में अध्ययनरत् समस्त छात्र/छात्राओं की तत्काल APAAR ID निर्माण प्रक्रिया को पूरा करते हुए एक सप्ताह के भीतर इसकी सूचना निदेशालय एवं परिषद को उपलब्ध कराने का कष्ट करे यदि छात्र/छात्राओं की APAAR ID बनवाने जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की कोई शिथिलता पायी जाती है तो उसका संपूर्ण उत्तरदायित्व संस्था प्रधानाचार्य का होगा।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0– प्राशिप/परिषद/2025/12195-097 तद्दिनांक–11.03.2025

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर को निदेशालय के पत्रांक 81139–46/ई–109–छै–13 (BTE-APAAR ID) दिनांक 06–03–2025 के अनुक्रम में।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव